# लखनऊ शाखा

2 दिसम्बर 2014- गीता जयन्ती समारोह मे लगभग 250 नागरिकों ने भाग लिया। प्रातः 8-11 बजे तक भगवत्गीता का अखण्ड पाठ किया गया। 11 बजे मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति (सेवा मुक्त) श्री गिरीधर मालवीय का उद्बोधन हुआ जिसमें उन्होंने महामना के गीता सम्बन्धी विचारों को उद्धृत किया।

25 दिसम्बर 2014 -- 153 वाँ मालवीय जयन्ती समारोह धूमधाम से मनाया गया। 500 से अधिक संख्या में विभिन्न क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 राज्यपाल (उ.प्र.) श्री राम नाईक का महत्वपूर्ण उद्बोधन हुआ। कार्यक्रम के बाद तहरी भोज की व्यवस्था थी। इस अवसर पर मिशन की स्मारिका “ जागृति ” का विमोचन भी मुख्य अतिथि के कर कमलों से हुआ। स्मारिका का सम्पादन श्री आर. के. पाण्डेय ने किया।

4 जनवरी 2015 -- हर वर्ष की भांति के मिशन टीम द्वारा गढ़ी व बेहटापुरवा गाँव का दौरा किया गया तथा कम्बल व अन्य गरम कपड़े वितरित किये। गढ़ी से 3 बच्चे महामना बाल निकेतन मे अंगीकृत किये गये हैं, जिनका समुचित विकास हो रहा है। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत गाँव के कुछ प्रमुख लोगों की एक समिति भी बनायी गयी तथा 5 शौचालय का प्रस्ताव जो गढ़ी प्रकल्प समिति द्वारा दिया गया था -- उसे मिशन ने स्वीकार कर लिया तथा उसमे पचास प्रतिशत अर्थिक सहायता मिशन की ओर से देने की स्वीकृति भी दी गयी।

1 फरवरी 2015- महामना मेडिकल सेल का औपचारिक गठन किया गया जिसके अध्यक्ष डा0 डी. एस. शुक्ला व संयोजक डा0 के0पी0 चन्द्रा चुने गये। इस अवसर पर प्रो0 (डा0) बी0एन0सिंह, डा0 एम0पी0सिंह, डा0 विनय मिश्रा, डा0 आर.सी.अग्रवाल, डा0 ए.के.माहेश्वरी आदि भी उपस्थित रहे।

15 फरवरी 2015 को मेडिकल सेल का पहला कैम्प गढ़ी गाँव में लगा जिसमें ग्रामवासियों को निःशुल्क परीक्षण व दवायें दी गयी। अब हर माह के प्रथम रविवार को प्रातः 7-10 बजे तक यह कैम्प मालवीय विद्या मन्दिर, गोमती नगर में लगता है जिसमें मिशन परिवार, बाल निकेतन, विद्यालय के बच्चे व उनके अभिभावकों तथा गोमती नगर के इच्छुक नागरिकों का निःशुल्क बी.पी.,शूगर हीमोग्लोबिन आदि का परीक्षण व कंसल्टेशन

डाक्टरों की टीम द्वारा दिया जाता है। इस टीम में फिजिसियन के अलावा नेत्र, हड्डी रोग, दंत चिकित्सा, बाल रोग आदि के विशेषज्ञ रहते हैं। डा0 के.पी.चन्द्रा, डा0 डी.एस.शुक्ला, डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, डा0सुव्रत वर्मा, डा0 हर्षवर्धन चतुर्वेदी आदि द्वारा नियमित सेवायें प्रदान की जा रही हैं। टीम में कुछ नये डाक्टर भी जुड़ रहे हैं। आम सभा ने इस सेवा कार्य की अत्यन्त प्रसंशा की।

22 मार्च 2015- बाल निकेतन की ओर हर वर्ष की भांति होली मिलन एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस वर्ष बच्चों के अभिभावकों को भी निमंत्रित किया गया था। आये हुये लगभग 20 अभिभावकों के साथ दिन में बाल निकेतन समिति के सदस्यों ने चर्चा, भोजन आदि किया। शाम को कवि सम्मेलन में भी वो लोग उपस्थित रहे तथा सभी के साथ उनका परिचय हुआ।

26 अप्रैल 2015- अध्याय 4 पर परिवार गीता पाठ का आयोजन हुआ। लगभग 15 परिवारों ने भाग लिया।

24 मई 2015- महामना 'भारतरत्न' सम्मान समारोह का अद्वितीय आयोजन हुआ। 'भारत रत्न' अलंकरण लेकर का0हि0वि0वि0 के कुलपति प्रो0 गीरीश चन्द्र त्रिपाठी स्वयं पधारे थे। 'भारतरत्न अलंकरण' स्वागत हेतु माननीय राज्यपाल (उ.प्र.) श्री राम नाईक, मा0 गृह मंत्री (भारत सरकार) श्री राजनाथ सिंह, माननीय महापौर डा0 दिनेश शर्मा, पूर्व सांसद लखनऊ श्री लालजी टण्डन उपस्थित रहे। 45 प्रमुख नागरिकों की स्वागत समिति का गठन किया



गया था। अनेक गणमान्य नागरिकों सहित लगभग 500 लोग कार्यक्रम में उपस्थित हुये। इस कार्यक्रम की पुस्तिका अलग से प्रकाशित की गयी है।



21 जून 2015- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मिशन की ओर से प्रातः 6-7 बजे तक विद्यालय में योग शिविर लगाया गया जिसमें गोमती नगर क्षेत्र के लगभग 100 भाई-बहनों ने भाग लिया। इस हेतु एक दिन पहले क्षेत्र में परिवार सम्पर्क भी किया गया।

3 अगस्त 2015- विद्यालय के हाईस्कूल पास 14 मेधावी बच्चों के सम्मान में ''मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह'' आयोजित किया गया। मिशन लखनऊ शाखा के उपाध्यक्ष श्री जे. एन. सरीन की ओर से मेधावी विद्यार्थियों को एक-एक हाथ घड़ी भेंट कर व माला पहना कर उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया।




कक्षा में 83.83% अंक पाकर प्रथम आने वाले अरूण कश्यप को मिशन की ओर से एक साइकिल भी भेंट की गयी। ज्ञातब्य है कि प्रथम स्थान पाने वाला मेधावी विद्यालय की आया मीरा का बेटा है। प्रबंध समिति के सदस्यों व सभी बच्चों ने अरूण कश्यप के सम्मान में जोरदार करतल ध्वनि की।

6 अगस्त 2015- विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 अभिनन्दन स्वरूप द्वारा व्यक्तिगत कारणों से त्यागपत्र देने के कारण उनका विदाई सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर मिशन की ओर से प्रभु जी, डा0 देवेन्द्र अस्थाना, प्रेमचन्द, विष्णु जी, आर.के.पाण्डेय, गोविन्द अग्रवाल आदि उपस्थित रहे तथा उनके सम्मान में अपने विचार प्रकट किये। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य श्रीकान्त वाजपेयी को कार्यवाहक प्रधानाचार्य का दायित्व दिया गया।

विद्यालय भवन निर्माणः- मा0 लाल जी टण्डन की सांसद निधि से प्राप्त 15 लाख सहायता राशि से विशाल कक्ष के ऊपर 2 कमरे व 4 बाथरूम का निर्माण पूरा हो चुका है। इस निर्माण कार्य में शेष आवश्यक राशि मालवीय मिशन द्वारा विद्यालय को

आवश्यकतानुसार निर्गत की गयी। विद्यालय में वर्तमान में 347 विद्यार्थी, 15 अध्यापक व 5 कर्मचारी हैं। सत्र 2016-17 से कामर्स/आर्टस से इंटरमिडियट मान्यता मिलने की सम्भावना है। विद्यालय मे हर माह के अंतिम दिन स्वच्छता अभियान चलाया जाता है।

सहयोग- समाज के अनेक महानुभावों व उदार दानदाताओं का निरन्तर सहयोग मिशन को मिलता रहा। मिशन के वरिष्ठ सदस्य श्री आर.एस.शुक्ला ने अपनी ओर से एक लाख का दान मिशन को दिया। सुश्री आयुषी गौतम की ओर से विद्यालय कम्प्यूटर लैब हेतु 2.62 लाख का दान प्राप्त हुआ जिससे 8 नये कम्प्यूटर, यू0पी0एस0 आदि सहित खरीद कर लैब तैयार हो गई है। श्री मनीष अग्रवाल ने कई प्रमुख मित्रों से मालवीय मिशन को दान दिलवाया। श्री आदित्य कुमार (M/s Rubics Rostrum) ने 12 अक्टूबर 2014 को सेमिनार के बाद भोजन व्यय तथा श्री हृदेश यादव ने 24 मई 2015 को आयोजित भारत रत्न समारोह में सभी के लिए जलपान अपनी ओर से व्यवस्था कर (स्पोंसर) अत्यन्त महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

श्री वी0के0 मोहला ने अपनी पत्नी स्व0 श्रीमती किरण मोहला की स्मृति में बाल निकेतन में आलमारियों हेतु 25000/= दान दिया। बाल निकेतन में सभी बच्चों के कपडों हेतु 11 अलमारी की व्यवस्था की जा रही है। जिसमे लगभग एक लाख व्यय अनुमानित है।

मिशन कार्यकारिणी सभी उदार दानदाताओं, विज्ञापन दाताओं के प्रति उनके अमूल्य सहयोग के लिये कृतज्ञता ज्ञापित करती है।